## हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
## हावड़ा - 711109

**रिक्ति अधिसूचना सं. एचसीएसएल/मा.सं./भर्ती/पीईआरएमए/1/2024 दिनांक 14.02.2024**

हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (एचसीएसएल), कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, हावड़ा में पर्यवेक्षी ग्रेड में **हिंदी अनुवादक** के पद को भरने के लिए अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करती है।

**I. पद का नाम,रिक्तियों/ आरक्षण की संख्या, शैक्षिक योग्यता व अनुभव**

**तालिका -1**

| क्र.सं. | पद का नाम व रिक्तियों की संख्या | शैक्षिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी अनुवादक, टीएस -I, 1 पद (अनारक्षित) | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक में अनिवार्य वैकल्पिक विषय के रूप में अंग्रेज़ी के साथ हिंदी में स्नातकोत्तर डिग्री और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और कंप्यूटर पर हिंदी और अंग्रेज़ी टंकण का ज्ञान। | भारत सरकार के उपक्रमों /पीएसयू और विश्वविद्यालयों सहित केंद्र/ राज्य सरकार के कार्यालयों में अंग्रेज़ी से हिदी और इसके विपरीत अनुवाद में पांच साल का अनुभव। |

**II. <u>महत्वपूर्ण तिथियां</u>:**

| | | |
|---|---|---|
| **आवेदन की शुरुआत** | **:** | **14.02.2024** |
| **आवेदन की अंतिम तिथि** | **:** | **13.03.2024** |

**III. <u>ग्रेड, रिक्तियों की संख्या और आरक्षण</u>:**

**<u>तालिका -2</u>**

| **पद का नाम** | **ग्रेड** | **अनारक्षित** |
|---|---|---|
| हिंदी अनुवादक | टीएस -1 | 1 |
| **कुल** | | **1** |

क) अपनी आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों की संख्या बढाने/घटाने या रिक्ति को न भरने या भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार एचसीएसएल पर निर्भर है ।

ख) आवेदकों के लिए पद पहचाना गया है जिसमें बैंचमार्क दिव्यांग निम्नानुसार हैं:

**<u>तालिका -3</u>**

| **पद का नाम** | **वर्ग** | **बैंचमार्क दिव्यांगजता** |
|---|---|---|
| हिंदी अनुवादक | वर्ग (क) | कम दृष्टि। मानक अपवर्तक सुधार के साथ व्यक्ति को उसे सौंपे गए कार्य को कुशलतापूर्वक (उचित सहायक उपकरण सहित) निष्पादित करने में संभावित रूप से सक्षम होना चाहिए। |
| | वर्ग (ख) | बहरा और सुनने में कठिनता। श्रवण हानि 50 डीबी से अधिक नहीं होनी चाहिए और सहायक श्रवण उपकरणों के साथ उसे कार्य कुशलतापूर्वक करने में सक्षम होना चाहिए। |
| | वर्ग (ग) | (एक हाथ, एक पैर, दोनों पैर, एक हाथ और एक पैर): सभी कृत्रिम या ऑर्थोटिक उपकरणों के साथ होंगे। उपचारित कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड आक्रमण पीडित, सेरेब्रल पाल्सी- मृदु |
| | वर्ग (ङ) | उपरोक्त सभी को शामिल करते हुए एकाधिक अक्षमता |

**IV. <u>वेतनमान, लाभ व तैनाती स्थान</u>:**

**क) वेतनमान:**

**<u>तालिका 4</u>**

| ग्रेड | वेतनमान |
|---|---|
| टीएस -1 | ₹ 28000-3%-110000 |

**ख) तिथि के अनुसार मासिक परिलब्धियां: -**

**<u>तालिका 5</u>**

| क्र.सं. | वेतन प्रकार | राशि (₹) |
|---|---|---|
| **1.** | मूल वेतन | ₹ 28,000.00 |
| **2.** | महंगाई भत्ता (वर्तमान में मूल वेतन का 43.7% ) | ₹ 12,236.00 |
| **3.** | मकान किराया भत्ता ( वर्तमान में मूल वेतन का 27%) | ₹ 7,560.00 |
| **4.** | अनुलब्धियां और भत्ता ( मूल वेतन का 35%) | ₹ 9,800.00 |
| | **<u>Total</u>** | **₹ 57,596.00** |

क) पद केलिए नई पेंशन योजना के तहत अन्य लाभ, अंशदायी भविष्य निधि, दुर्घटना बीमा कवरेज, अंशदायी चिकित्या बीमा पॉलिसी के तहत चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति, छुट्टी नकदीकरण आदि जैसा स्वीकार्य हो, लागू होगा।

ख) तैनाती एचसीएसएल द्वारा वांछितानुसार एचसीएसएल / अन्य एचसीएसएल परियोजना स्थलों पर होगी। हालांकि, परियोजना की आवश्यकताओं के आधार पर, उम्मीदवार को एचसीएसएल की विभिन्न इकाइयों में स्थानांतरित किया जा सकता है । पदों पर नियुक्ति के साथ एचसीएसएल के किसी भी विभाग या ऑनबोर्ड पोत पर या किसी अन्य यूनिट/ कार्य स्थल/ भारत या विदेश के किसी भी भाग में आरंभ की गई परियोजना, जैसे भी मामला हो, में सेवा करने का दायित्व है।

ग) चयनित उम्मीदवार को न्यूनतम वेतनमान में रखा जाएगा और वेतन सुरक्षा पर विचार नहीं किया जाएगा।

**V. आयु:**

(i) निर्धारित उच्चतम आयु सीमा दिनांक **13.03.2024** को 45 वर्ष से अधिक न हो**,** यानी आवदेकों का जन्म दिनांक **14.03.1979** को या उसके बाद होना चाहिए ।

(ii) बेंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) केलिए आयु सीमा में 10 वर्ष और भूतपूर्व सैनिकों केलिए आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी। फिर भी, किसी भी मामले में, आयु में सभी छूट लगाने के बाद आयु सीमा 55 वर्ष से अधिक न हो।

## VI. चयन की रीति:

Formatted: Font: +Headings (Cambria), Underline, (Complex) Hindi, English (United States)

क) **चयन की रीति में निम्नलिखित शामिल होगा: -**

**(i) चरण I – लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा- 40 अंक व विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा- 40 अंक)**

**(ii) चरण II – कार्य अनुभव पर पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण (20 अंक)**

ख) ऑनलाइन आवेदन की संख्या के आधार पर, लिखित परीक्षा एचसीएसएल में आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र का आबंटन एचसीएसएल के विवेकाधिकार से होगा।

ग) **चरण I – वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा 40 अंक ( 45 मिनट की अवधि) की होगी और विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा 40 अंक (60 मिनट की अवधि) की होगी। परीक्षाओं केलिए पाठ्यक्रम अनुलग्नक -1 पर है।**

घ) चरण I – वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर अंक सूची तैयार की जाएगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों की विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा, जो वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक और उससे अधिक प्राप्त करते हैं और जो अधिसूचित पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

ङ) वस्तुनिष्ठ व विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा केलिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक निम्नानुसार हैं :-

अनारक्षित पदों केलिए - प्रत्येक परीक्षा के कुल अंकों का 50 %

पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों केलिए– प्रत्येक परीक्षा के कुल अंकों का 40 %

च) न्यूनतम उत्तीर्ण अंक और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र सत्यापन केलिए सूचीबद्ध किया जाएगा। एचसीएसएल प्रमाणपत्रों के सत्यापन केलिए पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को बुलाएगा ताकि योग्यता के क्रम में पद के सामने न्यूनतम 6 उम्मीदवारों के अनुपात में उम्मीदवार मिल सकें। केवल वे उम्मीदवार जो प्रमाणपत्र सत्यापन सफलतापूर्वक पूरा करते हैं, उन्हें चरण II में भाग लेने केलिए लघुसूचीगत किया जाएगा।

छ) चरण II (पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण) एचसीएसएल में ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा। जिन उम्मीदवारों को चरण II केलिए अस्थायी रूप से लघुसूचीगत किया गया है, उन्हें अपने कार्य अनुभव (दस मिनट से अधिक की अवधि नहीं) पर प्रकाश डालते हुए पावर पाइन्ट प्रस्तुतीकरण देना होगा। कार्य अनुभव का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ों और कार्य अनुभव पर पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया जाएगा।

ज) प्रमाणपत्र सत्यापन के अलावा, चयन प्रक्रिया लघुसूची किए गए उम्मीदवारों के साथ आयोजित की जाएगी, भले ही यह एचसीएसएल द्वारा तय किए गए अनुपात 1:6 से कम हो।

झ) सभी चरणों में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की रैंक सूची चरण I और चरण II में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। अगर एक से अधिक उम्मीदवारों को समान अंक प्राप्त होता है तो, वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाइन परीक्षा के विषय भाग में प्राप्त अंकों के आधार पर रैंक सूची के क्रम को निर्धारित किया जाएगा। इसके बाद टाई के मामले में ,उम्र की वरिष्ठता के आधार पर संबंधित योग्यता तय की जाएगी।

ञ) एचसीएसएल के पास पदों केलिए आवेदनों की जांच करने और प्रस्तुत प्रमाणपत्रों के माध्यम से निर्धारित पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने के आधार पर उम्मीदवारों की लघुसूची तैयार करने का अधिकार है और केवल लघुसूचीगत उम्मीदवारों को ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

**VII. <u>शर्तें:</u>**

**क) आरक्षण:**

(i) आरक्षण पर भारत सरकार के निदेश लागू होंगे।

(ii) बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों के मामले में, दिव्यांगजता की डिग्री न्यूनतम 40% होनी चाहिए। आवेदक को दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार नियम, 2017 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में एक *वैध दिव्यांगजता प्रमाणपत्र* प्रस्तुत करना चाहिए।

**ख) योग्यता:**

(i) पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता एआईसीटीआई/ उपयुक्त वैधानिक प्राधिकरण/ राज्य/ केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान/ परीक्षा बोर्ड से होनी चाहिए।

(ii) जिन आवेदकों के पास निर्धारित योग्यताओं में से किसी भी समतुल्य योग्यता है, उन्हे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी समकक्षता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए और ऐसे प्रमाणपत्र के बिना उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

**ग) अनुभव:**

(i) निर्धारित योग्यता उत्तीर्ण करने की तिथि के बाद प्राप्त अनुभव पर ही विचार किया जाएगा। योग्यता के बाद के अनुभव की अवधि की गणना दिनांक **13.03.2024** से की जाएगी।

(ii) प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के तहत संबंधित शाखा/ ट्रेड में पूर्ण प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि को अनुभव के रूप में माना जाएगा। पारिश्रमिक के साथ किसी भी प्रशिक्षण को भी अनुभव के रूप में माना जाएगा।

(iii) **कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन पंजीकृत कंपनियों या सरकारी/ अर्ध सरकारी स्थापनाओं के अलावा समकक्ष स्तर की विदेशी कंपनियों से प्राप्त अनुभव प्रमाणपत्र ही केवल लघुसूचीयन और चयन केलिए**

विचार किया जाएगा।

(iv) आवेदक जो हाल ही में किसी कंपनी (निजी/सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी) में कार्यरत हैं, वे अनुभव प्रमाणपत्र के अभाव में, कंपनी द्वारा जारी नियुक्ति/प्रस्ताव पत्र की प्रति, नवीनतम वेतन पर्ची/आखिरी वेतन की प्रति और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान सीटीसी प्रमाणपत्र / पिछले वित्तीय वर्ष के आईटी प्रपत्र – 16 आदि अनुभव के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। पिछले रोज़गार के लिए कार्यभार ग्रहण करने के साथ-साथ कार्यमुक्ति की तिथि का उल्लेख करते हुए अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन में जमा किए गए अनुभव को स्थापित करने केलिए भी सभी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए, ऐसा न होने पर, उन्हें आगे के चयन केलिए विचार नहीं किया जाएगा ।

(v) नियमित सरकारी सेवा या सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक या अन्य समान संगठनों के उम्मीदवारों को आवेदन सीधे एचसीएसएल को ऑनलाइन प्रस्तुत करना चाहिए। हालांकि ऐसे उम्मीदवारों को एक घोषणा पत्र (अनुलग्नक- II के अनुसार) प्रस्तुत करना है कि उन्होंने अपने नियोक्ता को लिखित रूप में सूचित किया है कि वे एचसीएसएल द्वारा अधिसूचित पदों केलिए आवेदन कर रहे है। यदि नियोक्ता से कोई भी आपत्ति प्राप्त होती है तो, ऐसे आवेदकों की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) आवेदक जो भूतपूर्व सैनिक हैं, उन्हें सशस्त्र बलों से सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/बुक/पेंशन भुगतान आदेश प्रस्तुत करना होगा। जिन भूतपूर्व सैनिकों की योग्यता उनके सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/बुक में पृष्ठांकित है, उन्हें सशस्त्र बलों में संबंधित शाखा में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। योग्यता की समतुल्यता का दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को प्रमाणपत्र सत्यापन के दौरान अनुभव के प्रमाण के रूप में प्राधिकारियों से (भारत सरकार द्वारा जारी आदेश देखें) सेवामुक्ति प्रमाणपत्र में समतुल्यता या समर्थन का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए, सशस्त्र बलों में उचित शाखा में योग्यता और कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें संबंधित प्राधिकारियों से अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vii) उन भूतपूर्व सैनिकों को, भूपूर्व सैनिक के रूप में उन्हें दिए गए लाभ उठाने के बाद गैर सैनिक पक्ष पर किसी भी सरकारी नौकरी में पुन: रोज़गार के उद्देश्य केलिए उनकी भूतपूर्व सैनिक स्थिति को डीओपीटी का. ज्ञा.सं. 36034/27/84-स्था (एससीटी) दिनांक 02.05.1985, 36034/6/90-स्था. (एससीटी) दिनांक 02.04.1992 और 36034/1/2014-स्था (एससीटी) दिनांक 14.08.2014 द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। सभी भूतपूर्व सैनिक इस बात केलिए ऑनलाइन आवेदन के साथ एक वचन पत्र प्रस्तुत करेंगे, कि वे पूर्व सैनिकों केलिए लाभ उठाने के बाद सरकार में फिर से नियोजित नहीं किए गए हैं।(अनुलग्नक- III के अनुसार)

(viii) आवेदकों को किए कार्यों और कर्तव्यों की प्रकृति, संबंधित कार्यों में संभाले गए दायित्वों को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करना चाहिए, साथ ही अधिसूचित पद केलिए उनके आवेदन प्रस्तुत करते समय इसके प्रमाण में अनुभव प्रमाणपत्र को प्रस्तुति के समय संलग्न करना चाहिए।

**घ) आवेदन शुल्क: शून्य**

**ङ) आवेदन कैसे करें:**

(i) **आवेदकों को हाल ही में चिपकाए पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ आवेदन पत्र (अनुलग्नक I) भरना चाहिए और एक पीडीएफ में सहायक दस्तावेज़ों के साथ हस्ताक्षरित आवेदन पत्र की स्कैन की गई प्रतियों को ई-मेल आईडी careers@hooghlycsl.com पर ई-मेल करना चाहिए और ई-मेल का विषय "........................ (पद का नाम) के पद केलिए आवेदन" सूचित करें।**

(ii) आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किए जानेवाले दस्तावेज़ों की जांचसूची निम्नानुसार है : -
(क) आधार कार्ड की स्कैन की गई कॉपी
(ख) आयु साबित करने केलिए संगत प्रमाणपत्र
(जन्म प्रमाणपत्र/एसएसएलसी या एसएससी/पासपोर्ट).
(ग) सभी योग्यता डिग्री प्रमाणपत्र
(घ) समेकित अंक सूची / सभी सेमेस्टर अंकसूची
(ङ) अनुभव प्रमाणपत्र
(च) दिव्यांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
(छ) जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)

(iii) आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विधिवत् भरे हुए आवेदन पत्र की स्कैन की गई प्रति (फोटो चिपकाकर हस्ताक्षरित) और आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगता आदि के प्रमाण के सभी प्रमाणपत्र निर्धारित समय अवधि के भीतर ई-मेल के माध्यम से भेज दिए हैं। ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और अस्वीकृत किया जाएगा।

(iv) विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार सभी मामलों में आवेदन प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए। आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी प्रविष्टियां सही ढंग से भरी गई है। किसी भी क्षेत्र में कचरा विवरण भरने से आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है। जो आवेदन अधूरे हैं, निर्धारित प्रारूप में नहीं है, सुपाठ्य नहीं है, आवश्यक संलग्नक के बिना हैं या अहस्ताक्षरित हैं, उन्हें बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकृत किया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(v) **careers@hooghlycsl.com** के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **दिनांक 13.03.2024, 23:59 बजे (आईएसटी)** तक है। सीधे या किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**च) सामान्य:**

i) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन जमा करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे पद के लिए रिक्ति अधिसूचना के अनुसार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं।

ii) भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा - भूतपूर्व सैनिक वह व्यक्ति है

(क) जिसने भारतीय संघ की नियमित सेना, नौसेना और वायु सेना में किसी भी रैंक में योद्धा या गैर योद्धा के रूप में किसी भी पद पर सेवा की हो, और

(i) जो या तो अपने अनुरोध पर या नियोक्ता द्वारा अपनी पेंशन अर्जित करने के पश्चात सेवानिवृत्ति या कार्यमुक्त या ऐसी सेवा से मुक्त किया गया है; या
(ii) जिसे सैन्य सेवा या उसके नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण चिकित्सा आधार पर ऐसी सेवा से मुक्त किया गया हो और चिकित्सा या अन्य दिव्यांगजता पेंशन से सम्मानित किया गया हो; या
(iii) स्थापना में कमी के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से जिसे मुक्त किया गया है।

(ख) जो इस तरह की सेवा से अनुबंध की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के पश्चात, अपने स्वयं के अनुरोध के अलावा, या बर्खास्तगी, या कदाचार या अक्षमता के कारण निर्वहन के ज़रिए मुक्त किया गया हो, और एक उपदान दी गई है; और प्रादेशिक सेना के कार्मिक, अर्थात निरंतर सन्निहित सेवा या अर्हक सेवा के टूटी कुई अवधि के लिए पेंशन धारक इसमें शामिल हैं; या

(ग) सेना डाक सेवा के कार्मिक जो नियमित सेना के हिस्सा हैं और सेना डाक सेवा से पेंशन के साथ अपनी मूल सेवा में प्रत्यावर्तन के बिना सेवानिवृत्त हुए हैं, या सेना डाक सेवा से चिकित्सा आधार पर जारी किए गए हैं या सैन्य सेवा या उनके नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों से परे और चिकित्सा या अन्य दिव्यांगजता पेंशन से सम्मानित; या

(घ) कार्मिक, जो 14 अप्रैल 1987 से पहले छह महीने से अधिक समय तक सेना डाक सेवा में प्रतिनियुक्त पर थे ; या

(ङ) प्रादेशिक सेना के कर्मियों सहित सशस्त्र बलों के वीरता पुरस्कार विजेता; या

(च) चिकित्सा आधार पर कार्यमुक्त किए गए या निकाले गए पूर्व भर्ती और जिन्हें चिकित्सा- विकलांगता पेंशन प्रदान किया जा रहा हो,

iii) एचसीएसएल को उम्मीदवारों से शैक्षिक योग्यता/अनुभव/अन्य अधिसूचित योग्यता अपेक्षाओं के समर्थन में किसी अतिरिक्त दस्तावेज़ी विवरण मांगने का अधिकार है, जैसा कि उनके आवेदन में दर्शाया गया है, और ऐसे प्रश्नों की सूचना/उत्तर केवल ई-मेल career@hooghlycsl.com के ज़रिए ही होना चाहिए। हालांकि, एचसीएसएल निर्धारित तिथि और समय के भीतर ऐसे ई-मेलों की किसी देरी/गैर-प्राप्ति केलिए उत्तरदायी नहीं होगा । निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त ऐसे प्रश्नों के उत्तर पर विचार नहीं किया जाएगा, और इस सिलसिले में कोई पत्राचार प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा।

iv) लघुसूचीगत किए गए उम्मीदवारों के मूल प्रमाणपत्रों को कार्यभार ग्रहण करते समय या एचसीएसएल किसी अन्य चरण में फिर से सत्यापित किया जाएगा। आयु, योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगता, चिकित्सा स्वस्थता आदि के प्रमाण में मूल प्रमाणपत्रों का सत्यापन और अधिसूचित पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने पर उम्मीदवारी पूर्ण रूप से अस्थायी है। प्रमाणपत्र सत्यापन/शामिल होने के समय यदि उपरोक्त सूचीबद्ध उम्मीदवार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं या मूल रूप में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं या यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी झूठी/गलत है या किसी भी उचित जानकारी को छिपाया जा रहा है, तो उम्मीदवार के चयन पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना किसी सूचना के उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकार कर दी जाएगी।

v) अपात्रता के मामले में आवेदन की अस्वीकृति के संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

vi) लघुसूचीगत किए गए उम्मीदवारों को डाक द्वारा बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। उन्हें ई मेल के ज़रिए सूचित किया जाएगा। चयन की अनुसूची ईमेल / एचसीएसएल वेबसाइट www.hooghlycsl.in (कैरियर पृष्ठ→एचसीएसएल) के माध्यम से लघुसूचीगत उम्मीदवारों को सूचित की जाएगी। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि चयन से संबंधित अद्यतन केलिए उपरोक्त वेबसाइट को बार- बार देखें।

vii) केवल आवेदन जमा करने और बुलावा पत्र जारी करने से आवेदक को उम्मीदवारी की स्वीकृति का कोई अधिकार नहीं मिलेगा या पात्रता मानदंड को पूरा करने की पावती के रूप में नहीं माना जा सकता है या नियुक्ति का प्रस्ताव नहीं बनता है, और आवेदक को एचसीएसएल में रोजगार केलिए किसी भी दावे का हकदार नही होगा।

viii) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन और लागू होने पर जाति प्रमाणपत्र के सत्यापन के अधीन होगी।

ix) नियुक्ति के लिए लघुसूचीगत उम्मीदवारों को एचसीएसएल द्वारा निर्धारित अस्पतालों में चिकित्सा जांच किया जाना है। एचसीएसएल /सीएसएल द्वारा ऐसी चिकित्सा जांच की रिपोर्ट की जांच की जाएगी और उम्मीदवार की नियुक्ति चिकित्सा स्वस्थता के प्रमाणीकरण के अधीन होगी।

x) एचसीएसएल सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पहले से कार्यरत किसी भी उम्मीदवार के पिछले रोजगार से संबंधित वेतन/ छुट्टी वेतन/ उपदान/ पेंशन योगदान आदि केलिए कोई दायित्व वहन नहीं करेगा।

xi) सभी पदों के लिए रैंक सूची का रखरखाव किया जाएगा और केवल रैंक सूची की वैधता अवधि के दौरान कोई रिक्ति होने की स्थिति में संचालित किया जाएगा। रैंक सूची की वैधता अवधि परिणाम के प्रकाशन पर शामिल होने की सलाह देने वाले उम्मीदवारों की सूची से अंतिम उम्मीदवार की रिपोर्टिंग की तारीख से 18 महीने तक होगी, जब तक कि उसी पद के लिए एक नई अधिसूचना जारी नहीं की

जाती है। जैसा कि ऊपर बताया गया है, रिक्ति को एक नई रिक्ति के रूप में नहीं माना जाएगा।

xii) इस अधिसूचना में दर्शाए गए पदों की संख्या वर्तमान आवश्यकता पर आधारित है और भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर अलग होगी और रैंक सूची की वैधता अवधि के दौरान उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को एचसीएसएल के निर्णय पर उस रैंक सूची से भरा जाएगा।

xiii) उपरोक्त या किन्हीं अन्य शर्तों के बावजूद, एचसीएसएल अधिसूचित रिक्तियों को न भरने का अधिकार भी रखता है। इसके अलावा, अधिसूचित रिक्तियों को भरना, रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता, परियोजनाओं की उपलब्धता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन होगा। यदि आवश्यक हो तो बिना किसी सूचना के या बिना कोई कारण बताए एचसीएसएल को भर्ती प्रक्रिया प्रतिबंधित करने / बदलने/ रद्द करने/ संशोधित करने का अधिकार है।

xiv) आवेदन जमा करना आवेदक द्वारा इस रिक्ति अधिसूचना के सभी नियमों और शर्तों के बिना शर्त स्वीकृति के रूप में माना जाएगा।

xv) इस चयन से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को परिणाम के प्रकाशन की तारीख से दो साल की अवधि के लिए संरक्षित किया जाएगा।

xvi) इस विज्ञापन में कोई संशोधन, सुधार या परिवर्धन केवल एचसीएसएल और सीएसएल वेबसाइट में प्रकाशित किया जाएगा।

xvii) इस विज्ञापन और / या उसके जवाब में किसी आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई कानूनी कार्यवाही और उसके बाद चयन प्रक्रिया केवल हावडा/कोलकाता के न्यायालयों/ न्यायाधिकरणों / फोरमों में की जा सकती है और ऐसे न्यायालयों / प्राधिकरणों के पास एकमात्र और विशेष क्षेत्राधिकार होगा ।

xviii) विज्ञापन और चयन के आयोजन से संबंधित किसी और स्पष्टीकरण केलिए हमें कृपया careers@hooghlycsl.com. ईमेल से संपर्क करें।

**"किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी।"**

**"केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते है।"**

ह/-

**वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन व औ.सं.)**
**कृते हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड**